सीनियर लीडर रघुवंश सिंह ने सभी पार्टी पदों से इस्तीफा देने के बाद ज्यों हीं कहा कि अभी बीमार हूं लेकिन जल्द स्वस्थ होकर आगे की बात बोलूंगा अभी बहुत कुछ बोलना बाकी है तो मच गया सियासी हड़कम्प

जिला के उधमियों के साथ हुई बैठक में डीएम ने कहा कि आगंतुक श्रमिको को रोजगार एवं व्यापारिक गतिविधियों के लिए प्रावधानों के अनुरूप दिए जाएंगे बीस लाख रुपए

श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय, ब्रावो फाउंड. शन एवं ब्रावो फार्मा के द्वारा आयोजित 111 रिक्त पदों के लिए प्रवासी रोजगार मेला का विधिवत उद्घाटन किया जिलाधिकारी ने

भाजपा उम्मीदवारों के नाम की घोषणा, आरजेडी छोड़कर आए नेता को विधान परिषद भेजेगी जदयू तो आरजेडी में तेजप्रताप का पत्ता साफ नहीं मिला विधान परिषद जाने का मौका


युवराज न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

NEWS TODAY Update

www.newstodayupdate.in

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

वर्ष : 06 अंक : 10+24 तिथि : 23-24 जून 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


# न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## सीनियर लीडर रघुवंश सिंह ने सभी पार्टी पदों से इस्तीफा देने के बाद ज्यों हीं कहा कि अभी बीमार हूं लेकिन जल्द स्वस्थ होकर आगे की बात बोलूंगा अभी बहुत कुछ बोलना बाकी है तो मच गया सियासी हड़कम्प

न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :

सियासी गहमा-गहमी



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह




राजधानी स्थित एम्स में कोरोना का इलाज करा रहे राजद के सीनियर लीडर रघुवंश बाबू ने सभी पार्टी पदों से इस्तीफा देने के बाद पहली बार बोलते हुए कहा कि अभी बीमार हूं। लेकिन जल्द स्वस्थ होकर आगे की बात बोलूंगा। अभी बहुत कुछ बोलना बाकी है। रघुवंश सिंह ने कहा तो बस इतना ही, लेकिन इस इतनी सी ही बात में वे बहुत कुछ कह गए।

साफ है कि राजद में पिछले दो दिन से मची उठापटक आखिरी नहीं है। अभी आगे और भी बहुत कुछ होने वाला है। रघुवंश प्रसाद के बीमारी में दिये इस बयान और उनके द्वारा उठाए गए कदम तो संकेत देते हैं कि राजद में एक और टूट अभी बाकी है। राजद के कार्यकर्ता भी अब खुलेआम कहने लगे की पार्टी में अब वह बात नहीं। रघुवंश सिंह जैसे कद्दावर नेता को दरकिनार कर दिया गया। उनके धूर विरोधी रहे लोजपा के पूर्व सांसद को राजद में शामिल कराने की मुहिम चलाना, सीनियर नेताओं का अपमान नहीं तो और क्या है।

हालांकि जेल में बैठेकृबैठे लालू प्रसाद ने पार्टी को एकजुट रखने की हर वे कोशिश की जो वे कर सकते थे। लालू ने हाल ही में बनी राजद की नई राष्ट्रीय कमेटी में रघुवंश सिंह का नाम उपाध्यक्ष के रूप में राबड़ी देवी से भी ऊपर रखा था। लेकिन, जगदानंद सिंह के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उनकी कार्यशैली से रघुवंश सिंह फिर नाराज हो गए। उधर, रामा सिंह को राजद में शामिल किए जाने की सूचना ने उनकी नाराजगी को परवान चढ़ा दिया।

इसबीच डैमेज कंट्रोल के लिए राबड़ी देवी ने प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के साथ आज फिर अपने आवास पर स्थिति की समीक्षा की। लेकिन इसबीच आज राजद के एमएलसी कैंडिडेट के नामों का ऐलान होने के बाद पार्टी में एकबार फिर गुटबाजी और अफवाहों का दौर शुरू हो गया। ऐसे में यदि रघुवंश सिंह जैसा कोई बड़ा नेता बीमारी की हालत में बस इतना बोल जाए कि स्वस्थ होकर फिर बोलूंगा। अभी बहुत कुछ बोलना बाकी है', तब सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस धुएं के नीचे कोई बहुत बड़ी चिंगारी सुलग रही है जो राजद की सेहत के लिए ठीक नहीं है।

## श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय, ब्रावो फाउंडेशन एवं ब्रावो फार्मा के द्वारा आयोजित 111 रिक्त पदों के लिए प्रवासी रोजगार मेला का विधिवत उद्घाटन किया जिलाधिकारी ने

अच्छी पहल




सम्राट, संवाददाता




श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय एवं ब्रावो फाउंडेशन व ब्रावो फार्मा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को स्थानीय नगर भवन के प्राशाल में प्रवासी लोगों के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उदघाटन जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, श्रम अधीक्षक राजेश रंजन, जिला नियोजन पदाधिकारी मयंकेश्वर पंडित, जिला उद्योग केन्द्र के जेनेरल मैनेजर मुकेश्वर द्विवेदी, समाजसेवी श्रीकांत पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किये।
रोजगार मेले में आये अभ्यर्थियों को जिलाधिकारी श्री अशोक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा चलाये जा रहे गरीब कल्याण रोजगार सृजन योजना और मुख्यमंत्री द्वारा श्रमिक कुशल रोजगार योजना जो लॉन्च किया गया है उसी के तहत श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय पूर्वी चंपारण एवम ब्रावो फाउंडेशन व ब्रावो फार्मा के संयुक्त तत्वावधान में आज एक सौ ग्यारह प्रवासी बेरोजगारों के रोजगार के लिए यह आयोजन किया गया है जिसमे तेईस हजार तक के वेतनमान के योग्य अभ्यर्थियों का आवेदन लिया जा रहा है और जिला नियोजनालय में आवेदन स्क्रूटनी कर साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाएगा और उसके बाद एक सौ ग्यारह श्रमिको को अंत में चयन कर रोजगार उपलब्ध करा दिया जाएगा।
जिलाधिकारी ने आगे कहा कि एक सौ ग्यारह श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ब्रावो फाउंडेशन व ब्रावो फार्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं कि राकेश पांडेय ने चम्पारण के प्रवासि बेरोजगारों के लिए रोजगार के क्षेत्र में एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है। इस रोजगार मेले में हजारों की संख्या में पुरुष और महिला अभ्यर्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।
इस कार्यक्रम के सफल आयोजन मे मनोज पासवान, नीरज कुमार, शैलेंद्र मिश्र बाबा, राजेश रंजन, रविकेश, चूलबुल, विवेक सिंह ,सन्नी बाजपेयी, उपेन्द्र पटेल, वीरेंद्र साहू, रवि सिंह, नितेश सिंह, आयुष्माण, अभिशेख, आनन्द, सोनू गुप्ता, पियुष सिंह, उज्ज्वल, आयुष,राजा यादव, विकाश यादव, राहुल यादव, भुषण यादव, जितेंद्र गिरी इत्यादि मौजुद थे।

## भाजपा उम्मीदवारों के नाम की घोषणा, आरजेडी छोड़कर आए नेता को विधान परिषद भेजेगी जदयू तो आरजेडी में तेजप्रताप का पत्ता साफ नहीं मिला विधान परिषद जाने का मौका



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

सियासी गहमा-गहमी




भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधान परिषद के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। बीजेपी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी संजय मयूख को एक बार फिर से पार्टी ने विधान परिषद भेजने का फैसला किया है। संजय मयूख के अलावे लालू और नीतीश के साथ राजनीति कर चुके सम्राट चौधरी विधान परिषद जाएंगे। पार्टी नेतृत्व ने इन दोनों नामों पर मुहर लगा दी है।

### आरजेडी छोड़कर आए नेता को विधान परिषद भेजेगी जदयू

मालूम हो कि इससे पूर्व जदयू ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में अपनी पार्टी से तीन लोगों को विधान परिषद भेजे जाने का फैसला कर लिया है। उनमें पूर्व विधान पार्षद गुलाम गौस के अलावे मोतिहारी से आने वाले जेडीयू के नेता भीष्म सहनी और साथ ही साथ कुमुद वर्मा का नाम शामिल है। गुलाम गौस से आरजेडी छोड़कर जेडीयू में आए थे।

### तेजप्रताप का पत्ता साफ नहीं मिला विधान परिषद जाने का मौका

वहीं राजद पार्टी ने भी अपने विधान परिषद में द्वार की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार विधान परिषद के लिए अपने 3 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। आरजेडी की तरफ से जिन तीन चेहरों को विधान परिषद भेजा जा रहा है उनमें बिस्कोमान के अध्यक्ष सुनील सिंह का नाम सबसे ऊपर है। मुंबई के कारोबारी फारुख शेख को आरजेडी विधान परिषद भेज रही है जबकि बी एन कॉलेज के प्रो राम. बली चंद्रवंशी भी परिषद जाएंगे।

## जिला के उधमियों के साथ हुई बैठक में डीएम ने कहा कि आगंतुक श्रमिको को रोजगार एवं व्यापारिक गतिविधियों के लिए प्रावधानों के अनुरूप दिए जाएंगे बीस लाख रुपए



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

अच्छी पहल




मोतिहारी समाहरणालय स्थित राधाकृष्णन भवन में डीएम एसके अशोक की अध्यक्षता में जिला के उद्यमियों के साथ बैठक हुई। जिसमें कोविद :19 के कारण आगंतुक श्रमिको हेतु रोजगार के अवसर सृजित करने व स्वरोजगार के संबंध में विस्तृत विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमी वास्तव में विकास के संवाहक होते है। वे न केवल अर्थव्यवस्था के सकारात्मक विकास में महतवपूर्ण योगदान देते है, बल्कि रोजगार सृजन में भी सहायता करते है।
उन्होंने कहा कि कोविड 19 के कारण उत्पन्न आपातकालीन परिस्थितियों के फलस्वरूप जिला में लगभग डेढ़ लाख प्रवासी श्रमिको व आगंतुक श्रमिको का आगमन हुआ है। जिसमें से एक लाख पंद्रह हजार आगंतुक श्रमिकों की स्किल मैपिंग पूर्ण कर ली गई है। जिला प्रशासन आगंतुक श्रमिको हेतु विधिसम्मत प्रावधानों के तहत रोजगार सृजन हेतु सतत प्रयत्नशील है। जल जीवन व हरियाली अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के उद्देश्य से मनरेगा के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ में लगभग तीस हजार प्रवासी श्रमिको की सेवा प्राप्त की जा रही है। साथ ही अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में अधिकाधिक आगंतुक श्रमिको को संलग्न करने का निर्देश दिया।
जिला प्रशासन द्वारा प्रवासी श्रमिको को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्रियान्वित योजनाओं में गरीब कल्याण रोजगार अभियान, जिला औद्योगिक नव प्रवर्तन योजना, मुख्यमंत्री कुशल श्रमिक योजना आदि के सतत पर्यवेक्षण, समीक्षा एवं आगंतुक श्रमिको को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र में जिला परामर्श दात्री समिति का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने आगंतुक श्रमिको हेतु रोजगार सृजन में उद्यमियों से विशेष भूमिका निर्वहन की अपेक्षा की है।उन्होंने कहा कि प्रवासी श्रमिको के हितार्थ मुख्यमंत्री कुशल श्रमिक उद्यमी क्लस्टर योजना प्रारंभ किया गया है।
इस योजना के अन्तर्गत बीस उद्यमियों द्वारा निर्मित क्लस्टर को व्यापारिक गतिविधियों हेतु विधिसम्मत प्रावधानों के तहत बीस लाख रुपए दिए जाएंगे।उक्त क्लस्टर योजना के अन्तर्गत व्यापारिक गतिविधियों में कम से कम पचाश प्रतिशत प्रवासी श्रमिको को संलग्न करना अनिवार्य होगा। उसी प्रकार नव प्रवर्तन योजना के तहत दस उद्यमियों के क्लस्टर से व्यापारिक गतिविधि (स्वयं सहायता समूह के समतुल्य) को संचालित किया जाएगा, जिसमें कम से कम 50 फीसद प्रवासी श्रमिकों को संलग्न करना अनिवार्य होगा। वहीं उद्यमियों ने भी अपनी व्यापारिक समस्याओं से अवगत कराया। जिसके निवारण का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया है। मौके पर सहायक समाहर्ता समीर सौरभ, डीडीसी अखिलेश कुमार सिंह, श्रम अधीक्षक, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**प्रिय पाठकों, सिस्टम मैंटिनेन्स होने की वजह से न्यूज टुडे डिजीटल पेपर दो-तीन दिन एक पेज ही प्रकाशित होगा : धन्यवाद**


NEWS TODAY Update — Web News Portal: www.newstodayupdate.in | न्यूज़ टुडे — राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका | Yuvaraj Media & Entertainment — An Ideal Film Production

बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830